कान्हा का दरबार

मेरे मुरली वाले के दरबार में जो भी श्रद्धा से आते हैं,
प्रभु श्याम के चरणों में जो सर झुकाते हैं वो खुशियां पाते हैं,
भक्तों के जीवन, में घनश्याम लाते उजियारा है, वो देते सहारा है,
कान्हा का दरबार सारे जग से ही प्यारा है......

करुणा के सागर श्याम, दया के सागर श्याम, वो रहते कणकण में,
प्रभु श्याम की कृपा से, कट जाए जिंदगी, तू आजा चरणन में,
झूठी दुनिया में, एक साथी वही तो हमारा है, वो देते सहारा है,
कान्हा का दरबार सारे जग से ही प्यारा है.......

कान्हा का दरबार सारे जग से ही प्यारा है यहां मिलता सहारा है
आजा एक बार तुझे श्याम ने पुकारा है वो देते सहारा है

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23011/title/Kanha-ka-darbaar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |